हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 25 फरवरी 2026

11 जन सेवा के उद्देश्य से घर द्वार पहुंचकर आमजन को राहत दे रहा प्रशासन...




12 बहु-विषयी अनुसंधान के विकास में 'फाइव सी' की भूमिका...




## खबर संक्षेप

### माजरा रोड पर शराब बेचते युवक को पकड़ा

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने अवैध शराब बेचने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि एएसआई प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त के दौरान ऑटो मार्केट, भूना रोड क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि माजरा रोड पर एक युवक सड़क किनारे अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची।

### हेरोइन सहित दो युवकों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए जाखल पुलिस ने दो युवकों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अनमोल सिंह पुत्र मिठू तथा रवि पुत्र पिल्ला सिंह निवासी ढाणी बाबनपुर के रूप में हुई है। दोनों युवकों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि एएसआई करनैल सिंह पुलिस टीम के साथ गश्त एवं नशा विरोधी अभियान के तहत म्योद खुर्द क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर नशीला पदार्थ बेचने के उद्देश्य से चुहड़पुर की ओर से आने वाले हैं।

### नशा तस्कर को तीन साल की सजा

**सिरसा।** सिरसा की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सीमा सिंघल की अदालत (फास्ट ट्रैक कोर्ट)ने नशीली गोलियों की तस्करी मामले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए तीन साल की सजा व 30 हजार रुपये के आर्थिक दंड से दंडित किया है। मामले के अनुसार डबवाली पुलिस ने अगस्त 2018 को गांव लखुआना निवासी ताराचंद को 170 प्रतिबंधित ट्रामाडोल की गोलियों सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ सदर थाना डबवाली में अभियोग दर्ज किया गया। जांच के दौरान सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए सुदृढ़ साक्ष्य एकत्र किए गए।

### दहेज प्रताड़ना के मामले में पति गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जानलेवा हमला करने के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने मुख्य आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान बलिंदर निवासी अमर बस्ती, संगरूर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरिक्षक कुलदीप ने बताया कि पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे ससुराल पक्ष द्वारा मकान खरीदने के लिए पैसे लाने का दबाव बनाया जा रहा था और अक्सर मारपीट की जाती थी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी बलिंदर को गिरफ्तार कर लिया है।

## सिर्फ चार दिन, 72275 किसानों ने अपनी फसलों का रजिस्ट्रेशन करवाया

# कैसे बिकेगी फसल: 1.36 लाख एकड़ का किसानों ने नहीं करवाया पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले में रबी की फसलों को लेकर मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण का कार्य अब पूरा हो चुका है। सरकारी खरीद का लाभ लेने के लिए 72275 किसानों ने अपनी फसलों का रजिस्ट्रेशन करवाया हैं। क्योंकि सरकार द्वारा केवल उन्हीं किसानों की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी, जिनका पंजीकरण पोर्टल पर दर्ज होगा। पंजीकरण के लिए अंतिम चार दिन शेष है। 28 फरवरी तक पंजीकरण न कराने की स्थिति में किसानों को गेहूं, सरसों सहित अन्य रबी फसलों की सरकारी खरीद से वंचित रहना पड़ेगा। कृषि विभाग के अनुसार

- जिले की 5.55 लाख एकड़ कृषि योग्य भूमि में से 4.21 लाख का हुआ भूमि का पंजीकरण



### परिवार पहचान पत्र से जुड़ा पोर्टल

कृषि विशेषज्ञ डॉ. राजपाल ने बताया कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल अब किसानों के लिए एक तरह की पहचान बन चुका है, जिसे परिवार पहचान पत्र से जोड़ दिया गया है। इसी के आधार पर किसान अपनी फसल बेचने, खाद लेने और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि फिलहाल पंजीकरण की अंतिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि मूंगफली, पशु चारा व बागवानी फसलों का पंजीकरण अभी शेष है। मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण की अंतिम तारीख नजदीक है। तब तक किसान पंजीकरण करवा लेंगे।

जिले में खेती का कुल रकबा लगभग 5 लाख 55 हजार एकड़ है। इस बार 72 हजार 275 किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर 4 लाख 21 हजार 190 एकड़ भूमि का पंजीकरण करवाया गया है। इसके बावजूद अभी भी एक लाख 35 हजार एकड़ का किसानों द्वारा अभी पंजीकरण नहीं करवाया है। कृषि विभाग का कहना है कि जिन किसानों ने अपना पंजीकरण नहीं करवाया है, वह किसान एमएसपी पर अपनी फसल नहीं बेच पाएंगे।

### इन फसलों का हुआ पंजीकरण

कृषि विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जिले में अब तक 4 लाख 11 हजार 190 एकड़ एकड़ का पंजीकरण किया गया है। इसमें 63274 किसानों ने 3 लाख 97 हजार 925 एकड़ में गेहूं की फसल का पंजीकरण करवाया है। इसके अलावा 8181 किसानों ने 21 हजार 755 एकड़ में सरसों का पंजीकरण करवाया है। इसी तरह 820 किसानों द्वारा 1510 एकड़ में में चने की फसल के लिए पंजीकरण करवाया है। वहीं सब्जी व पशु चारे का लगभग करीब 10 हजार एकड़ क्षेत्र में बिजाई की गई है।

### पंजीकरण न कराने पर होगी परेशानी

कृषि विभाग ने साफ तौर पर स्पष्ट किया है कि जिन किसानों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण नहीं हुआ, वे अपनी फसल मंडी में सरकारी खरीद के तहत नहीं बेच सकेंगे। चाहे फसल गेहूं हो या सरसों, बिना पंजीकरण के सरकारी खरीद संभव नहीं होगी।

### जिले में हुई बिजाई

| क्षेत्र | गेहूं | सरसों | चना |
|---|---|---|---|
| भट्टूकलां | 33942 | 9950 | 1308 |
| भूना | 45691 | 3851 | 35 |
| फतेहाबाद | 123020 | 6706 | 131 |
| जाखल | 20139 | 9 | 2 |
| कुलां | 27171 | 141 | 2 |
| रतिया | 93533 | 241 | 14 |
| टोहाना | 54424 | 853 | 14 |
| कुल | 397924 | 21755 | 1510 |

वहीं यदि प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों की फसल खराब होती है, तो बिना पंजीकरण वाले किसानों को मुआवजा भी नहीं मिलेगा।



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

# सस्पेंड एक्सईएन को किया बहाल, कर्मचारियों में खुशी

- मंत्री के आश्वासन पर प्रदर्शन व हड़ताल को किया स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता बलविंद्र नैन को सस्पेंड किए जाने से खफा कर्मचारियों ने उच्चाधिकारियों व जनस्वास्थ्य विभाग मंत्री के आश्वासन पर 24 व 25 फरवरी को किए जाने वाले प्रदर्शन व हड़ताल को स्थगित कर दिया है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी थी कि यदि दो दिन में कार्यकारी अभियंता के निलंबन के आदेश रद्द नहीं होते तो कर्मचारी संगठन सामूहिक बैठक कर आगामी आंदोलन की घोषणा करेंगे। इसके बाद मंगलवार को ही सरकार ने कार्यकारी अभियंता के निलंबन को रद्द करने के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके बाद कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। बता दें कि इसको लेकर मंगलवार सुबह जनस्वास्थ्य विभाग फतेहाबाद के तीनों संगठनों मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन, क्लेरिकल यूनियन व डिप्लोमा एसोसिएशन के अलावा ठेकेदार व सप्लायर यूनियन की सामूहिक बैठक भट्टू रोड स्थित जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान शमशेर सिंह कुण्डू ने की। बैठक को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेताओं ने कहा कि कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के पीए ने रात को 10 बजे फोन किया। पीए ने कहा कि फोन अटैंड क्यों नहीं किया।

### ये रहे मौजूद

इस बैठक में धर्मपाल दरियापुर, इन्द्र सिंह घासी, ईश्वर सिंह बागड़ी, लाधुराम राजलीवाल, राणा पंवार, राहुल, लीलाकृष्ण, नरेश फौजी, सुभाष ठेकेदार, कृपाल ठेकेदार, मुकेश कुमार पपरेजा, नीरज, बलविंदर कनिष्ठ अभियंता सहित अनेक कर्मचारियों ने भाग लिया।

# कॉलेज प्रिंसिपल पर लगे गंभीर आरोप

- 19 स्टाफ सदस्यों ने उच्चतर शिक्षा विभाग को भेजी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

जिले के शहर रतिया के शहीद देवेंद्र सिंह महिला गवर्नमेंट कॉलेज में कार्यकारी प्रिंसिपल के खिलाफ 19 स्टाफ सदस्यों ने गंभीर आरोप लगाते हुए उच्चतर शिक्षा विभाग, डीसी, एसडीएम को सामूहिक शिकायत भेजी है। इन टीचर्स का आरोप है कि जब से कार्यकारी प्रिंसिपल को डीडीओ पावर मिली है, तभी से वह हर स्टाफ सदस्य को प्रताड़ित कर रहे हैं। शिक्षकों के पहनावे पर टिप्पणी, मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और महिला स्टाफ को अकेले में बुलाने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत करने वालों में 4 एसोसिएट प्रोफेसर, 7 एक्सटेंशन लेक्चरर और 8 नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य शामिल हैं। इनमें 8 महिला कर्मचारी हैं। आरोप है कि महिला सफाई कर्मचारी को सफाई काम के बहाने एक सुनसान स्थान यानि ऊपरी जिम/कमरे में अकेले आने के लिए कहा गया। इस घटना के दौरान उसके साथ अनुचित तरीके से व्यवहार करने का प्रयास किया गया, जो यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। इससे संबंधित कर्मचारी में अत्यधिक भय, अपमान और मानसिक आघात पैदा हुआ है। स्टाफ सदस्यों की मांग है कि निष्पक्ष रूप से मामले जांच हो।

### गैर-पेशेवर व्यवहार करने का आरोप

कॉलेज स्टाफ सदस्यों ने आरोप लगाया है कि पिछले कई महीनों से पूरा स्टाफ डीडीओ के अधिकारपूर्ण और गैर-पेशेवर व्यवहार के कारण लगातार मानसिक उत्पीडन का शिकार रहा है। उनका संवाद करने का तरीका कठोर, असम्मानजनक और डराने-धमकाने वाला है, जिससे कार्यस्थल का वातावरण तनावपूर्ण और अस्वस्थ बन रहा है। शिकायत में आरोप है कि महिला स्टाफ सदस्यों को अक्सर बिना पारदर्शिता या स्पष्ट आधिकारिक आवश्यकता के अकेले कार्यालय में बुलाया जाता है, जिससे वे असहज और असुरक्षित महसूस करती हैं। आरोप है कि महिला स्टाफ के रूप-रंग को लेकर व्यक्तिगत टिप्पणियां भी अक्सर की जाती हैं। ऐसे टिप्पणियां पेशेवर कार्यस्थल में अनुचित हैं और महिला कर्मचारियों की गरिमा-सहजता को प्रभावित करती हैं।

# राष्ट्रीय मांग दिवस पर कर्मचारी करेंगे प्रदर्शन

- भट्टू रोड स्थित कार्यालय में जिला प्रधान सुरजीत दुसाद की अध्यक्षता में फतेहाबाद जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 26 फरवरी को राष्ट्रीय मांग दिवस मनाया जाएगा। इस अभियान के तहत फतेहाबाद जिले के कर्मचारी भी लामबंद हो गए हैं। सर्व कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी ने बैठक कर रणनीति तैयार की है, जिसके तहत इस दिन प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा जाएगा। भट्टू रोड स्थित कार्यालय में जिला प्रधान सुरजीत दुसाद की अध्यक्षता में फतेहाबाद जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव रामनिवास शर्मा ने किया। बैठक में फतेहाबाद के विभिन्न ब्लॉकों के पदाधिकारियों ने शिरकत की और सरकार की जनता व कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ कड़ा रोष व्यक्त किया। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कर्मचारी नेताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें इंद्र घासी, नरेश वर्मा भूना, जगजीत मुंडाही जाखल, विजय ढाका, मलकीत सिंह रतिया, सुरेश कुमार फतेहाबाद, प्रेम चन्द कैशियर, विरेन्द्र कुमार बेनीवाल भूना आदि रहे।



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### प्रमुख मांगें

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान सुरजीत दुसाद ने कहा कि सरकार जनता और कर्मचारियों को गुमराह कर रही है। उन्होंने मांग की कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम, ठेका प्रथा और गेस्ट टीचर व्यवस्था को समाप्त कर सभी अनुबंध कर्मियों को पक्का किया जाए। नई पेंशन स्कीम को रद्द कर पुरानी पेंशन योजना को तुरंत बहाल किया जाए। बिजली बिल 2025, स्मार्ट मीटर योजना और रोड सेफ्टी बिल को वापस लिया जाए। सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण और विभागों की डाउनसाइजिंग पर रोक लगे। आठवें वेतन आयोग का गठन हो और हर पांच साल में वेतन संशोधन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही 5 हजार या मूल वेतन का 10 प्रतिशत अंतरिम राहत दी जाए।

# बुलेट पटाखा बजाने पर काटा 20 हजार का चालान

- ट्रेफिक पुलिस की सख्ती, बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले 126 वाहनों के भी चालान किए

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

यातायात पुलिस ने बुलेट मोटरसाइकिल से पटाके बजाकर दहश्त फैलाने पर 20 हजार रुपए का चालान किया है। ट्रेफिक थाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि इसके अलावा ट्रिपल राइडिंग, तेज गति तथा बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले 126 वाहनों के भी चालान किए हैं । इस अभियान के तहत विशेष रूप से बुलेट मोटरसाइकिल के साइलेंसर में अवैध संशोधन कर पटाखे जैसी आवाज निकालकर दहशत फैलाने वाले चालकों पर शिकंजा कसा जा रहा है। सुखदेव सिंह ने स्पष्ट किया गया है कि साइलेंसर से पटाखे बजाना न केवल मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि यह आमजन की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। अचानक तेज आवाज के कारण बुजुर्गों, बच्चों तथा कमजोर हृदय वाले व्यक्तियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कई बार इस प्रकार की हरकतें सडक़ दुर्घटनाओं का कारण भी बनती हैं। अभियान के दौरान ट्रिपल राइडिंग, तेज गति से व बिना हेलमेट वाहन चलाने तथा अन्य यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों के विरुद्ध भी सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



सिरसा। बुलेट मोटरसाइकिल का चालान काटती पुलिस। *फोटो: हरिभूमि*

### नियमों का पालन करें

यातायात थाना प्रभारी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने वाहनों में किसी प्रकार का अवैध संशोधन न करवाएं। उन्होंने कहा कि यातायाता नियमों की पालना कर न केवल स्वयं सुरक्षित रहें, बल्कि दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें। अभियान निरंतर जारी रहेगा और यातायात निमयों की अनदेखी करने वालें के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

# हथियारों के साथ फोटो पर होगी कार्रवाई

- संलिप्त पाए जाने पर होगा शस्त्र लाइसेंस कैंसिल, होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने जिले में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियारों के साथ फोटो या वीडियो अपलोड कर दहशत फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अब ऐसे लोगों की अब खैर नहीं है और उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, व्हाट्सएप आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियारों के साथ अपनी तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर समाज में रुतबा दिखाने तथा भय का माहौल बनाने का प्रयास करते हैं। यह कृत्य पूर्णतः गैरकानूनी है और इससे समाज में विशेषकर युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि संबंधित व्यक्ति लाइसेंसी हथियार का प्रदर्शन करता पाया जाता है तो उसका शस्त्र लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया भी तुरंत प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि लाइसेंसी हथियार का भी सार्वजनिक प्रदर्शन शस्त्र अधिनियम की शर्तों का उल्लंघन है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हथियारों के साथ फोटो या वीडियो अपलोड करने वालों को तीन वर्ष तक की सजा तथा भारी जुर्माना भुगतना पड़ सकता है।

### हथियारों का प्रदर्शन करना कानूनन अपराध

पुलिस अधीक्षक कहा कि सोशल मीडिया एक सार्वजनिक मंच है, इसलिए वहां हथियारों का प्रदर्शन सार्वजनिक प्रदर्शन की श्रेणी में आता है, जो कानूनन अपराध है। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश जारी किए हैं कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनकी सूची तैयार की जाए। ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित थानों में मुकदमे दर्जकर उन्हें गिरफ्तार किया जाए।

## एकमुश्त ऋण निपटान योजना

# 31 मार्च तक ब्याज और जुर्माना माफी का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अतिदेय डिफाल्टर किसानों के लिए 9 दिसंबर 2025 से एकमुश्त ऋण निपटान योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत किसान केवल मूलधन जमा करवाकर ब्याज एवं दंडात्मक ब्याज की पूर्ण माफी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। डीसी ने बताया कि यह विशेष ब्याज माफी योजना 31 मार्च तक प्रभावी रहेगी। जिले के जिन किसानों के ऋण अतिदेय हो चुके हैं, वे योजना की अंतिम तिथि से पहले अपने बकाया का निपटान कर आर्थिक राहत प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि इस योजना से किसानों को कर्ज के बोझ से राहत मिलेगी और वे पुनः आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगे। डीसी डॉ. विवेक भारती ने जानकारी दी कि जिले में अब तक 297 किसान इस योजना का लाभ उठा चुके हैं।उन्होंने किसानों से अपील की कि वे फतेहाबाद, रतिया, टोहाना तथा भुना स्थित लैंड मॉर्गेज बैंक शाखाओं से संपर्क कर योजना का अधिकतम लाभ उठाएं।

## बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं के मद्देनजर प्रशासन ने व्यवस्थाएं सुदृढ़ की

## 79 केंद्रों पर 20 हजार विद्यार्थी देंगे परीक्षा, केंद्र अधीक्षकों को परीक्षा सामग्री की वितरित

# आज से शुरू होंगी बोर्ड परीक्षाएं, तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

बोर्ड परीक्षाओं को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। 25 फरवरी से शुरू होने जा रही हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं के मद्देनजर शिक्षा विभाग और प्रशासन ने व्यवस्थाएं सुदृढ़ कर दी हैं। परीक्षा से जुड़ी सामग्री केंद्र अधीक्षकों को सौंप दी गई, जिससे परीक्षा संचालन की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई। सांगवान चौक स्थित आरएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता सारूं की नेतृत्व में बोर्ड अधिकारियों की ओर से परीक्षा सामग्री के थैले वितरित किए गए। इनमें स्टेशनरी, सील-मोहर, धागे, उपस्थिति पत्रक तथा सुपरवाइजर ड्यूटी चार्ट शामिल रहे। शिक्षा अधिकारियों ने केंद्र प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बोर्ड के दिशा-निर्देशों की कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित की जाए। जिले में इस बार कुल 79 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां करीब 20 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। चारों उपमंडलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, ऐलनाबाद में 20, कालांवाली में 11, डबवाली में 13 और सिरसा उपमंडल में 35 केंद्र निर्धारित हैं। पहले जारी सूची में 78 केंद्र थे, लेकिन बाद में जीएसएसएस मलेकां को भी केंद्र बनाया गया। बोर्ड के अनुसार जिले में कोई भी केंद्र सेंसिटिव या सुपर सेंसिटिव श्रेणी में नहीं है। 12वीं की परीक्षा 25 फरवरी से शुरू होगी और पहले दिन अंग्रेजी का पेपर होगा। 10वीं की परीक्षा 26 फरवरी से आरंभ होगी, जिसमें पहले दिन गणित विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी।



### फ्लाइंग स्क्वाड का गठन

जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता सारूं ने बताया कि जिले में 79 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। सभी केंद्र अधीक्षकों को परीक्षा सामग्री के थैले वितरित कर दिए है। नकल रहित परीक्षा के लिए अलग-अलग फ्लाइंग स्क्वायड का गठन किया गया है।

### सीसीटीवी से रखी जाएगी नजर

सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और रिकॉर्डिंग की व्यवस्था की गई है। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि नकल रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाएगी। निगरानी के लिए उपायुक्त, एसडीएम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला शिक्षा विभाग की टीमें और भिवानी से आई विशेष टीम औचक निरीक्षण करेंगी। भिवानी से सुपरिटेंडेंट धर्मपाल वर्मा भी निगरानी में शामिल रहेंगे। प्रश्नपत्र वितरण केंद्र आरएसडी स्कूल को बनाया गया है। उत्तरपुस्तिका संग्रहण के लिए डबवाली, ऐलनाबाद और कालांवाली में एसडीओ कार्यालय तथा सरसा में आरएसडी स्कूल को केंद्र निर्धारित किया गया है। परीक्षा के बाद उत्तरपुस्तिकाएं सुरक्षित रूप से निर्धारित स्थानों तक पहुंचाई जाएंगी। शिक्षा विभाग कार्यालय में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जो परीक्षा अवधि के दौरान सक्रिय रहेगा।



# भूत बंगला से सामने आया अक्षय का नया लुक...

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'भूत बंगला' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। मंगलवार को मेकर्स ने फिल्म का एक नया मोशन पोस्टर जारी किया है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार एक डरावने सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस सिंहासन पर डरावने भूतों के सिर बने हुए हैं, जो मुंह फैलाते नजर आ रहे हैं।आंखों पर काला चश्मा लगाए अक्षय अपने गले और हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहने हुए हैं।

लाइफ Style



# तमन्ना

## खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड किया लॉन्च

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड 'तमन्ना फाइन जूलरी' लॉन्च किया है। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह ने कहा- अगर आप शार्क टैंक इंडिया में होतीं तो मैं अपने सारे निवेश आपके ब्रांड में लगा देती।'

बॉलीवुड में ऐसे सितारों की कोई कमी नहीं जो एक्टिंग के साथ-साथ अलग-अलग तरह के बिजनेस में भी अपनी पहचान बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है, जिसमें उन्होंने 'तमन्ना फाइन जूलरी' नाम से अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड लॉन्च किया है। हाल ही में एक बातचीत में तमन्ना ने भारत में कई सेलिब्रिटी-आधारित ब्रांड की असफलता पर बात करते हुए कहा कि खुद को वैसी असफलता से बचाने के लिए अपने ब्रांड के साथ शुरू से अंत तक गहराई से जुड़ी रहने के लिए तैयार हैं। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह के पॉडकास्ट पर बातचीत करते हुए तमन्ना ने कहा, 'मैं खुद को एक सेलिब्रिटी के रूप में नहीं देखती जो ब्रांड बना रही है। मैं खुद को एक फाउंडर के रूप में देखती हूं, जो इस ब्रांड को खड़ा करने की कोशिश कर रही है। कोई भी सिर्फ मेरे चेहरे के लिए इस तरह के महंगे उत्पाद में पैसा नहीं लगाएगा। मैं प्रॉडक्ट के प्रति ईमानदार हूं और अगर मेरा मकसद सिर्फ पैसा कमाना होता तो मैं कोई और कैटिगरी चुन सकती था। मैं इसकी जगह कोई ऐसा प्रॉडक्ट बना सकती थी जो बहुत फेमस होता और लोगों को खूब बिकता।'

## हॉलीवुड मसाला



# अभिनय की दुनिया से खास नाता

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर एक्टर रॉबर्ट कैराडाइन ने 71 वर्ष की आयु में अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। 'रिवेंज ऑफ द नर्ड्स 'और 'लिजी मैकगायर' ने एक्टर को काफी पॉपुलर कर दिया था। रॉबर्ट अपने मानसिक स्वास्थ से काफी समय से जूझ रहे थे। रॉबर्ट कैराडाइन घर के सबसे छोटे बेटे थे। उनके पिता जॉन कैराडाइन एक मशहूर अमेरिकी अभिनेता थे। एक्टर के परिवार के ज्यादातर सदस्य फिल्मी दुनिया का हिस्सा रहे हैं। 1972 में जॉन वेन के साथ फिल्म 'द काउबॉयज' के साथ अपने अभिनय की शुरुआत की थी।



# इंडिया में परफॉर्म करने के लिए तैयार शकीरा...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार शकीरा इस साल भारत में फिर से एक बार शानदार परफॉरमेंस देने वाली हैं। इस बात की पुष्टि होने के बाद उनके फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। उन्होंने पिछली बार 2007 में इंडिया में परफॉर्म किया था। अब 19 साल बाद फिर से शकीरा अपना जलवा बिखेरने इंडिया आ रही हैं। लैटिन पॉप की ग्लोबल स्टार शकीरा इस अप्रैल भारत में लगभग 19 साल बाद धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। दिल्ली और मुंबई में शकीरा का कॉन्सर्ट होने वाला है। 2007 में अपने 'ऑरल फिक्सेशन टूर' के दौरान मुंबई में यादगार शो करने के बाद यह उनका पहला बड़ा कॉन्सर्ट होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका दिल्ली कॉन्सर्ट 15 अप्रैल 2026 को होने की संभावना है, हालांकि आयोजक जल्द ही इसकी आधिकारिक तारीख की घोषणा करेंगे।



# ईशा की इश्कां दे लेखे का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** भारतीय एक्ट्रेस , मॉडल, डांसर, लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 17 फेम ईशा मालवीय की पहली फिल्म 'इश्कां दे लेखे' का ऑफिशियल ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया। एक्ट्रेस रोमांटिक पंजाबी फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। चैनल ने मूवी का ट्रेलर रिलीज करते हुए डिसक्रिप्शन में लिखा, 'एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए! स्पीड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत करता है 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी प्रेम कहानी 'इश्कां दे लेखे' का ट्रेलर। शानदार गुरनाम भुल्लर और खूबसूरत ईशा मालवीय अभिनीत यह पंजाबी फिल्म उन सभी लोगों के लिए बनाई गई है, जिन्होंने कभी दिल से प्यार किया है।' मनवीर बरार की निर्देशित, 'इश्कां दे लेखे' बड़े पर्दे पर पंजाबी रोमांस को एक नई परिभाषा देने के लिए तैयार है।



# राजामौली-महेश में हुआ झगड़ा...

**मुंबई।** रामगोपाल वर्मा ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर एक वीडियो मंगलवार को पोस्ट किया। इस वीडियो में बाहुबली फेम डायरेक्टर एसएस राजामौली और साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू जमकर लड़ रहे हैं। एक-दूसरे को पटपटकर मार रहे हैं। आखिर दोनों ऐसा क्यों कर रहे हैं। और इस बात को लेकर क्यों रामगोपाल वर्मा कह रहे हैं कि सिनेमा मर चुका है। दरअसल यह वीडियो किसी ने एआई से बनाया है। यह वीडियो बिल्कुल रियल और मजेदार लग रहा है। लेकिन एक निर्देशक होने के नाते रामगोपाल वर्मा को यह बात पसंद नहीं आई है। सिनेमा में एआई के ऐसे दखल से वह शायद नाराज हैं, इस वजह से उन्होंने पोस्ट में लिखा- सिनेमा मर चुका है। रामगोपाल वर्मा से पहले कई डायरेक्टर्स ने सिनेमा में एआई के इस्तेमाल पर सवाल किए।

## टीवी मसाला




# कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है सूबेदार : अनिल

**मुंबई।** अनिल कपूर की मच-अवेटेड फिल्म 'सूबेदार' अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर के लिए तैयार है। सोमवार को मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ। इस मौके पर अनिल कपूर ने 'सूबेदार' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया।अनिल कपूर ने कहा, 'यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। यह रोल मेरे लिए मेरे कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है। मैंने इसे हमेशा की तरह पूरे दिल और जान से किया है। मैंने अपनी तरफ से कड़ी मेहनत की है। जैसा कि मैं हमेशा करता हूं। मुझे उम्मीद है कि आपको यह फिल्म और हमारा काम पसंद आएगा।' ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनिल कपूर एक रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर के रोल में हैं। वह एक शहर में आते हैं, जहां गुंडाराज चल रहा है। मोना सिंह एक माफिया यानी दीदी के रोल में हैं। उसका एक भाई है, जो लोगों पर जुल्म करता है। एक दिन वह अनिल कपूर की बेइज्जती कर देता है। उसके बाद एक्शन शुरू होता है। सूबेदार एक एक्शन फिल्म है। इसका निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है। इसमें अनिल कपूर के अलावा मोना सिंह, राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, मोना सिंह, आदित्य रावल, फैजल मलिक और खुशबू सुंदर भी हैं। यह फिल्म 5 मार्च को स्ट्रीम होगी। सूबेदार के अलावा अनिल कपूर कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह पिछले साल फिल्म 'वॉर 2' में नजर आए थे।

## शादी की चर्चा के बीच दुबई में नजर आई तान्या

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल हाल ही में लहंगे की शॉपिंग करती नजर आईं। जिसके बाद उनकी शादी को लेकर अटकलें लगनी लगीं। इसी बीच अब वह दुबई में हैं। एक वीडियो भी तान्या मित्तल ने साझा किया है। तान्या मित्तल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अपनी अमीरी के किस्से वह शो में सुनाया करती थीं। हाल ही में वह दिल्ली के चांदनी चौक में लहंगे खरीदती दिखीं। लाल रंग का लहंगा भी तान्या से ट्राई किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर मौजूद है। इसके बाद ही तान्या मित्तल के फैंस को लगा कि वह शादी करने वाली हैं। दुबई का वीडियो देखकर भी तान्या से फैंस ने पूछा कि वह अपने दूल्हे से कब मिलवा रही हैं। तान्या मित्तल अक्सर कहती हैं कि वह काफी अमीर हैं। लेकिन कई लोगों को लगता है कि वह झूठ बोलती हैं। लेकिन सोमवार को तान्या ने दुबई का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह एक आलीशान होटल में ठहरी हैं और काफी महंगा ब्रेकफास्ट कर रही हैं।



# शहंशाह अकबर के रोल के लिए नंगे पैर गर्म रेत पर चलते थे पृथ्वीराज कपूर

*नई दिल्ली। पृथ्वीराज कपूर के पोते जतिन कपूर ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'मुगल-ए-आजम' में मशहूर 'शहंशाह वाली चाल' के पीछे की दिलचस्प और प्रेरणा देने वाली कहानी बताई। उन्होंने बताया कि फिल्म में मशहूर एक्टर की चाल पूरी लगन और लगातार प्रैक्टिस से पूरी हुई। पृथ्वीराज कपूर के लगन के बारे में बताते हुए जतिन ने कहा, 'फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में, पहले ही सीन में शहंशाह को तपती रेगिस्तान की रेत में नंगे पैर चलते हुए दिखाया गया है। उस वॉक के लिए, मेरे नानाजी पृथ्वीराज कपूर ने बहुत रिहर्सल की थी। मुंबई की गर्मी में वह मुंबई के जुहू बीच पर 300 से 400 मीटर तक गर्म रेत पर नंगे पैर चलने की प्रैक्टिस करते थे।'*



### ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए

अपने नानाजी के पैशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'पृथ्वीराज कपूर ने अपनी ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए। उनकी तैयारी के पीछे की कहानियां भी उतनी ही शानदार हैं। जो इंसान अपने काम से सच्चा प्यार करता है और उसके लिए पैशन रखता है, वह किसी भी हद तक जा सकता है। उन्होंने अपने काम के प्रति अपने प्यार और डेडिकेशन के लिए अपने पैरों की कुर्बानी दे दी। अपना नोट खत्म करते हुए, जतिन ने कहा, 'सुनने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद. मैं आप सभी का शुक्रगुजार हूं. मैं हमेशा रहूंगा।

### चप्पल पहनने से मना कर दिया

उन्होंने आगे बताया, 'जब सीन आखिरकार शूट हुआ, तो वह बिल्कुल वैसा ही था जैसा बताया गया था। यहां तक कि क्लोज-अप शॉट्स में भी, जहां उनके पैर नहीं दिख रहे थे। उन्होंने चप्पल पहनने से मना कर दिया। वह पूरी तरह असली दिखना चाहते थे। वॉक को फाइनल करने के प्रोसेस के बारे में बात करते हुए, जतिन ने कहा, कई दिनों तक प्रैक्टिस करने के बाद, उन्होंने पृथ्वी थिएटर के अपने कुछ साथियों को बुलाया और उन्हें अपनी वॉक देखने के लिए वहां खड़ा कर दिय। वह बार-बार चलते रहे, जब तक किसी ने यह नहीं कहा कि अब ऐसा नहीं लग रहा कि पृथ्वीराज कपूर चल रहे हैं, बल्कि खुद शहंशाह चल रहे हैं। तभी उन्होंने वह चाल ठीक की।

# अमिताभ ने दिखाई कल्कि 2 के सेट की तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने 83 साल की उम्र में भी काफी एक्टिव हैं। उन्होंने अब नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल के लिए शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म 'कल्कि' में अमिताभ बच्चन पौराणिक किरदार अश्वत्थामा के रोल में दिखे थे। अब अमिताभ ने 'कल्कि 2' की शूटिंग शुरू कर दी है अमिताभ बच्चन ने 'कल्कि 2' के सेट से अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में से एक में वो कमल हासन से गले लगते दिख रहे हैं। पर्दे के पीछे की इन तस्वीरें को शेयर करते हुए उन्होंने 40 साल बाद कमल हासन के साथ फिर से काम करने पर खुशी जाहिर की है। इस बार अमिताभ करीब चार दशकों के बाद एक कमल हासन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। अमिताभ ने इन झलकियों को शेयर करते हुए लिखा है, 'और महान कमल हासन से मुलाकात... हम सालों बाद साथ काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आखिरी बार फिल्म 'गिरफ्तार' में दोनों ने साथ काम किया था। यानी साफ है कि पिछली फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों एक्टर की मुलाकात नहीं हो पाई। अमिताभ ने फिल्म को




लेकर कहा है, 'कल्कि 2 ने काम शुरू कर दिया है... और रविवार को उनकी उपस्थिति की प्रतीक्षा में हमेशा प्यार और स्नेह को संजो कर रखेंगे... लेकिन उम्मीद है कि आने वाले रविवार को हम सभी के साथ होंगे।' यहां बता दें कि इस शूटिंग की वजह से पिछले रविवार को अमिताभ अपने फैन्स से मिलने घर से बाहर नहीं निकले थे और बरसों की परंपरा टूट गई।

## परिवार को नहीं था मंजूर संगीत का रास्ता

# 6 रुपए में गाया पहला गाना, दर्द भरी आवाज से जीता देश का दिल

*नई दिल्ली। भारतीय फिल्म संगीत की दुनिया में कुछ आवाजें समय के साथ पुरानी नहीं पड़तीं, बल्कि और गहरी होती चली जाती हैं। ऐसी ही दिल को छू लेने वाली आवाज थी तलत महमूद की। उनकी गायकी में दर्द भी था, मिठास भी थी, और शायरी की खूबसूरती भी, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस आवाज ने लाखों लोगों के दिल जीते, कभी उसी आवाज को अपने पहले गाने के लिए सिर्फ छह रुपए मिले थे। तलत महमूद का जन्म 24 फरवरी 1924 को लखनऊ में एक रूढ़िवादी मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनके परिवार में संगीत को अच्छा पेशा नहीं माना जाता था, लेकिन बचपन से ही तलत को गाने का शौक था। वे रात-रात भर चलने वाले संगीत कार्यक्रमों में बैठते और बड़े गायकों को ध्यान से सुनते थे। कम उम्र में ही उनकी आवाज में एक अलग तरह की मिठास थी. यही मिठास आगे चलकर उनकी पहचान बनी।*



### मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे

उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो, लखनऊ से गाना शुरू कर दिया। वे मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे। साल 1941 में उनका पहला गाना रिकॉर्ड हुआ। यह गाना ग्रामोफोन कंपनी एचएफवी के लिए था और इसके बदले उन्हें महज 6 रुपए मेहनताना मिला था। आज के समय में यह रकम बहुत छोटी लगती है, लेकिन उसी छोटे से भुगतान ने एक बड़े सफर की शुरुआत की। उनकी आवाज इतनी पसंद की गई कि लोग उनसे और गानों की मांग करने लगे।

### कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया

1944 में उनका गाना 'तस्वीर तेरी दिल मेरा बहला न सकेगी' काफी लोकप्रिय हुआ। इसके बाद वे कलकत्ता चले गए, जहां उन्होंने कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया और गाने भी गाए। उस दौर में वे 'तपन कुमार' नाम से भी गाते थे। 1949 में वे मुंबई आ गए और यहीं से उनका असली सुनहरा दौर शुरू हुआ। 1950 और 1960 के दशक में वे हिंदी फिल्मों के सबसे पसंदीदा गायकों में गिने जाने लगे। उनके गाने इतना न मुझसे तू प्यार बढ़ा, फिर वही शाम, वही गम, ये हवा ये रात, मिलते ही आंखें दिल हुआ दिवाना और तस्वीर बनाता हूं जैसे गाने लोगों के दिलों में उतर गए।



### पद्म भूषण से हुए सम्मानित

उन्हें 1992 में भारत सरकार ने पद्म भूषण से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके लंबे और शानदार योगदान की पहचान था। उन्होंने लगभग चार दशकों तक गाया और सैकड़ों गीतों को अपनी आवाज दी। 9 मई 1998 को 74 साल की उम्र में उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी आवाज आज भी रेडियो, टीवी और संगीत प्रेमियों के दिलों में जिंदा है।

### दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी

उनकी आवाज अभिनेता दिलीप कुमार पर खास तौर पर जंचती थी। उन्होंने दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी, जिनमें 'हमसे आया न गया', ऐ दिल मुझे ऐसी जगह ले चल, हम दर्द के मारों का, कोई नहीं मेरा इस दुनिया में और सीने में सुलगते हैं अरमां जैसे गाने शामिल हैं। तलत महमूद की खास बात यह थी कि वे गानों के बोल को बहुत ध्यान से पढ़ते थे। अगर उन्हें शब्द अच्छे नहीं लगते तो वे गाना गाने से मना कर देते थे। हालांकि, समय के साथ संगीत का रुख बदला और तेज, ऊंची आवाज वाले गीत ज्यादा पसंद किए जाने लगे। इससे उनका कॅरियर थोड़ा धीमा पड़ गया, लेकिन उनकी पहचान कभी कम नहीं हुई।

## खबर संक्षेप



### रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित

**सिरसा।** मेरा युवा भारत सिरसा के तत्वावधान में यूथ क्लब एसोसिएशन की मुहिम के तहत जय हिंद युवा क्लब बचेर द्वारा वरदान ब्लड बैंक के सहयोग से देश के अमर शहीदों को समर्पित चौथे विशाल रक्तदान शिविर का लगाया गया। शिविर में क्षेत्र के युवाओं एवं ग्रामीणों ने 50 यूनिट रक्तदान किया।

### हेरोइन का आरोपी सप्लायर गिरफ्तार

**सिरसा।** बडागुढ़ा थाना पुलिस ने हेरोइन बरामदगी मामले में सप्लायर आरोपी को फिरोजपुर पंजाब से गिरफ्तार किया है। बडागुढ़ा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि बीती 20 जनवरी को सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम ने गश्त के रेलवे फाटक गांव दौलतपुर खेड़ा क्षेत्र से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7 ग्राम 47 मिलीग्राम हैरोइन बरामद कर पूछताछ की तो आरोपियों ने बताया कि उक्त हैरोइन जसंवत सिंह निवासी शाह अबूबकर जिला फिरोजपुर पंजाब से लेकर आया था।

### लकड़ांवाली में रात्रि ठहराव कार्यक्रम कल

**सिरसा।** जिला प्रशासन द्वारा खंड ओढ़ां के गांव लकड़ांवाली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 26 फरवरी को शाम 4 बजे से प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जिला प्रशासन के सभी विभाग दिन में आमजन को स्टाल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को

**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सीजेएम गायत्री ने बताया कि फतेहाबाद जिला स्थित न्यायिक परिसर में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें दोनों पक्षों की सहमति से मामलों का निपटारा करवाया जाएगा। सचिव एवं सीजेएम गायत्री ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित निपटारा करवाना है।

### श्रीश्याम सतरंगी फाल्गुन महोत्सव कल

**टोहाना।** आदर्श कालोनी स्थित खाटू श्याम मंदिर में श्रीश्याम सेवा मंडल के तत्वावधान में 26वां विशाल श्रीश्याम सतरंगी फाल्गुन महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में 26 फरवरी को रात्रि 8 बजे से किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी प्रेमप्रकाश शास्त्री ने बताया कि इस महोत्सव में मुख्यातिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला शिरकत करेंगे, जबकि अध्यक्षता नप चेयरमैन नरेश बंसल करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर अनुराग सांगवान, राजेश कुमार एवं नरेश कुमार उपस्थित रहेंगे।

## गांव जल्लोपुर में रात्रि ठहराव जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

# जन सेवा के उद्देश्य से घर द्वार पहुंचकर आमजन को राहत दे रहा प्रशासन : डीसी

- गांव के विकास से जुड़े ग्रामीणों के सुझावों को भी सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार डीसी डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में जिला प्रशासन द्वारा फतेहाबाद जिला के गांव जल्लोपुर के कम्युनिटी सेंटर में मंगलवार को रात्रि ठहराव जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। डीसी डॉ. विवेक भारती ने एसपी सिद्धांत जैन, अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया, एसडीएम रतिया सुरेंद्र सिंह, सीईओ जिला परिषद सुरेश कुमार सहित विभागीय अधिकारियों के साथ ग्रामीणों के बीच में पहुंचकर लोगों से सीधा संवाद किया और जन समस्याओं को सुनते हुए मौके पर ही लोगों को राहत पहुंचाई। डीसी ने गांव के विकास से जुड़े ग्रामीणों के सुझावों को भी सुना। गांव में पहुंचने पर सरपंच मांगेराम गोदारा सहित ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों का भव्य स्वागत एवं अभिवादन किया।

डीसी डॉ. विवेक भारती ने गांव जल्लोपुर के दौरे के दौरान स्वच्छता एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत सरोवर, ग्राम लाइब्रेरी तथा आरोही मॉडल स्कूल का विजिट कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर राजकीय स्कूल के विद्यार्थियों ने साइबर क्राइम विषय पर जागरूकता बढ़ाने हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया तथा देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

दौरे के दौरान उपायुक्त ने स्वच्छता अभियान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कूड़ा संग्रहण हेतु ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था मजबूत होगी, स्वच्छता स्तर में सुधार आएगा और ग्रामीण क्षेत्र को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा शुरू किए गए समाधान शिविर व रात्रि ठहराव कार्यक्रम का सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। जिला प्रशासन के अधिकारी लोगों के घर द्वार पर जाकर उनकी समस्याएं सुनकर समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनता के बीच सीधा पहुंचकर उनकी समस्याओं का मौके पर ही निवारण कर रहा है। इसी उद्देश्य से रात्रि ठहराव कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। डीसी ने कहा कि कई समस्याओं का निवारण स्थानीय स्तर पर आपसी भाईचारे से भी संभव होता है। ऐसे में ग्रामीण एकजुटता के साथ ग्रामीण विकास में सहभागी बनते हुए ऐसी समस्याओं का स्वयं निपटान करवाकर भाईचारे की मिसाल कायम करें। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। कार्यक्रम में गांव जल्लोपुर के ग्रामीणों ने ग्रामीण विकास से संबंधित मामले रखे जिसकी सुनवाई डीसी ने की। डीसी ने मौके पर आई शिकायतों का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देकर कई समस्याओं का तुरंत समाधान कराया।

### प्रशासनिक अधिकारीगण ने आंगनबाड़ी और विद्यालय का लिया जायजा

डीसी ने अधिकारियों के साथ गांव जल्लोपुर के राजकीय विद्यालय का प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दौरा कर जायजा लिया। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

### विभागीय योजनाओं की स्टॉल लगाकर दी जानकारी

रात्रि ठहराव जन संवाद कार्यक्रम में गांव जल्लोपुर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों और कर्मचारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को उनका पूर्ण लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। विभागीय अधिकारियों ने मंच से भी अपनी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए उनका फायदा उठाने की पूर्ण प्रक्रिया से अवगत करवाया। स्वास्थ्य विभाग की स्टॉल पे ग्रामीणों ने फ्री शुगर, बीपी व एचबी जांच करवाकर विशेषज्ञों से स्वास्थ्य संबंधी सलाह ली।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसपी सिद्धांत जैन, अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया, एसडीएम रतिया सुरेंद्र सिंह, सीईओ जिला परिषद सुरेश कुमार, डीडीपीओ अनूप सिंह व बीडीपीओ विकास लांग्यान सहित गणमान्य जन मौजूद रहे।



सिरसा। जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते डीएसपी।

## जन संवाद कार्यक्रम में किया संबोधित

# समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए जन सहयोग जरूरी : डीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

डीएसपी राजसिंह ने कहा कि समाज को नशा मुक्त और अपराध मुक्त बनाने के लिए जन सहयोग अत्यंत आवश्यक है। छोटे-मोटे आपसी विवादों को पंचायत स्तर पर सुलझाने का प्रयास किया जाए, ताकि गांव में भाईचारा और सामाजिक सौहार्द मजबूत बना रहे। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे आपसी सहमति से गांवों में 'ठीकरी पहरा' व्यवस्था लागू करें और यदि किसी प्रकार का संदिग्ध व्यक्ति, वाहन या गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, जिससे समय रहते उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। डीएसपी मंगलवार को गांव रायपुर में जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर नशा तस्करों एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। डीएसपी ने कहा कि पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मुहिम से प्रेरित होकर विभिन्न सामाजिक संस्थाएं, युवा क्लब और अन्य संगठन भी आगे आकर पुलिस का सहयोग कर रहे हैं।

### बच्चों पर दें ध्यान

उन्होंने अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर विशेष ध्यान दें और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने के लिए मार्गदर्शन दें। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है, इसलिए इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। डीएसपी राज सिंह ने कहा कि आमजन की जान-माल की सुरक्षा करना पुलिस का परम दायित्व है, लेकिन किसी भी अभियान की सफलता जन सहयोग के बिना संभव नहीं है।

## राजकीय महिला कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू

# आगाज़ के मंच पर छात्राओं ने बिखेरी अभिनय की छटा

- छात्राओं ने संवाद अदायगी से दर्शकों और निर्णायकों का मन मोह लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। प्रतियोगिता की विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में मंगलवार को दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आगाज का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन आयोजित स्किट (लघु नाटक) प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी अभिनय क्षमता और संवाद अदायगी से दर्शकों और निर्णायकों का मन मोह लिया।

कॉलेज के प्रेस प्रवक्ता डॉ. कपिल कुमार सैनी ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों और समसामयिक विषयों पर आधारित स्किट प्रस्तुत कर समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। छात्राओं के सशक्त अभिनय ने सभागार में उपस्थित सभी लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन करते हुए प्रो. रूपिंद्र कौर, प्रो. किरण (गणित विभाग) ने बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर प्रथम स्थान पर जसप्रीत कौर बी.ए. द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर कोमल बी.ए. द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान पर पलक बी.ए. तृतीय वर्ष स्थान पर विजेता घोषित किया।

## धूमधाम से मनाया जाएगा भगत धन्नाजी का जन्मोत्सव

**सिरसा।** भगत धन्नाजी ट्रस्ट की बैठक मंगलवार को स्थानीय जाट धर्मशाला में हुई। ट्रस्ट प्रधान अमरीक सिंह ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 20 अप्रेल को भगत धन्नाजी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसे लेकर ट्रस्ट के सभी सदस्यों की तरफ से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस दौरान ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. राजेंद्र कड़वासरा ने कहा कि भगत धन्नाजी के जन्मोत्सव कार्यक्रम से पूर्व सिरसा में भगत धन्नाजी चौक को लेकर सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी जिसके लिए कमेटी गठित कर दी गई है। भगत धन्नाजी द्वारा दिखाए गए सच्चाई व सादगी के मार्ग पर लोगों को चलने के लिए ट्रस्ट की तरफ से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# सतयुग में जाने के लिए आत्मा को सौ प्रतिशत चार्ज करना होगा : ब्रह्माकुमारी

- सात दिवसीय नि :शुल्क अलविदा तनाव शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना




टोहाना। तनावमुक्ति विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम के निर्देशन में भारत माता गीत पर अपनी प्रस्तुति देते हुए। फोटो : हरिभूमि

यह सृष्टि चक्र चार युगों सतयुग, त्रेता, द्वापर, कलयुग में सुबह, दोपहर और शाम में घूमता रहता है, हर युग 1250 वर्ष चलता है। इस प्रकार इस विश्व नाटक या फिल्म का पूरा समय 5000 वर्ष है, जबकि दुनिया वाले अरबों वर्ष कहते हैं, क्योंकि यह ड्रामा अनगिनत बार रिपीट होता रहता है। यह बात इंदौर से आए प्रख्यात तनावमुक्ति विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम ने ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में आयोजित सात दिवसीय निःशुल्क अलविदा तनाव शिविर के अंतिम दिन वल्ड ड्रामा का रहस्य विषय पर कही। उन्होंने कहा कि सर्वशक्तिमान परमपिता परमात्मा निराकार शिव ने स्वयं प्रजापिता ब्रह्मा के तन में अवतरित होकर हम बच्चों को यह ज्ञान दिया है। उन्होंने बताया कि परमधाम से आत्मा उतरकर देवी देवता के रूप में जन्म लेती है वह एक सम्पूर्ण सुखमय संसार होगा। उस समय आत्मा सौ प्रतिशत चार्ज थी, तन का सौ प्रतिशत सुख था, नेचुरल ब्यूटी थी, मन में पूरी शांति, खुशी हल्कापन, सुखचैन था, जबकि किसी देवी-देवता को डायबिटीज हृदय रोग या सर दर्द नहीं था।

# व्यापारियों के साथ ज्यादती नहीं होगी बर्दाश्तः राजकुमार

- अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान व्यापारियों को तंग करने, अभद्रता और धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप

**सिरसा।** अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान व्यापारियों को तंग करने, अभद्रता और धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने नगर परिषद प्रशासन की कड़ी निंदा की है। शर्मा ने कहा कि वे अतिक्रमण के खिलाफ नहीं है। हम भी चाहते हैं कि शहर को अतिक्रमण की समस्या से निजात मिले, लेकिन इसका मतलब यह नहीं की व्यापारियों को परेशान किया जाए। शर्मा ने कहा कि अतिक्रमण हटाओ अभियान की आड़ में नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा व्यापारियों को नाजायज तंग किया जा रहा है। दुकान के भीतर रखा सामान तक कर्मचारी उठाकर ले जा रहे हैं। शर्मा ने कहा कि अभियान के दौरान नगरपरिषद अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा व्यापारियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है और धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल कर भय का माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का नगरपरिषद प्रशासन को कतई अधिकार नहीं।

# विजेंद्र को मुख्य सिपाही पद पर पदोन्नति एसपी ने स्टार लगाकर दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। मुख्य सिपाही बने विजेन्द्र को सम्मानित करते एसपी।

पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन एवं निरंतर बेहतर प्रदर्शन के आधार पर सिपाही विजेंद्र को मुख्य सिपाही के पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि विजेंद्र जैसे समर्पित, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी हमारे विभाग की बड़ी ताकत हैं। उनके निरंतर उत्कृष्ट कार्य एवं अनुशासन ने उन्हें इस पदोन्नति का पूर्ण अधिकारी बनाया है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि वे नई जिम्मेदारियों का भी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और तत्परता के साथ सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। पदोन्नत अधिकारी विजेंद्र ने पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पदोन्नति उन्हें और अधिक निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगी। इस अवसर पर उपस्थित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं सहकर्मियों ने भी विजेंद्र को पदोन्नति पर शुभकामनाएं दीं। मिठाई वितरण के साथ यह अवसर सौहार्द, टीम भावना एवं सकारात्मक कार्यसंस्कृति को प्रोत्साहित करने वाला रहा।

# विद्यार्थियों ने किया बजट सत्र का अवलोकन

**चोपटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढूकड़ा की प्राचार्या मोना पुरी ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों के एक दल ने बजट सत्र के दौरान विधानसभा का दौरा किया तथा प्रत्यक्ष रूप से बजट सत्र का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार और हरियाणा ओलंपिक संघ के प्रधान मीनू बेनीवाल से संवाद किया। मोना पुरी ने कहा कि आज के बच्चे ही कल के नेता हैं। लोकतंत्र को समझने और उसकी कार्यप्रणाली को नजदीक से देखने का अवसर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा।

**विज्ञापन**

**न्यायालय श्री राजेश कुमार उप मण्डल अधिकारी (ना.) साधिकार कलेक्टर फतेहाबाद जिला फतेहाबाद**

मुकदमा नम्बर :- 1-R
तारीख दायरा :- 21-4-2025
मौजा :- धांगड़
तारीख पेशी- 17-3-2026

1-श्रीमति सरस्वती देवी पत्नी राम सिहँ पुत्र बीरू उर्फ बीरबल 2-कृष्ण कुमार 3- विजय कुमार 4-सुभाष चन्द्र पुत्रान राम सिहँ पुत्र बीरू उर्फ बीरबल 5- मनोज कुमार 6- रविन्द्र कुमार पुत्रान बलवन्त पुत्र बीरू उर्फ बीरबल 7-सन्तोष 8- रोशनी पुत्रीयान बलवन्त पुत्र बीरू उर्फ बीरबल 9- सन्तरो मृतक पुत्री बलवन्त पुत्र बीरू उर्फ बीरबल बजरिया इसके कानुनी वा जायज वारसान क- अनुप पुत्र सन्तरो मृतक पुत्री बलवन्त पुत्र बीरू उर्फ बीरबलख ख- रीना ग -प्रिती घ- सिया पुत्रीयान सन्तरो मृतक पुत्री बलवन्त पुत्र बीरू उर्फ बीरबल 10- पवन 11- कपिल पुत्रान जोत राम पुत्र बीरू उर्फ बीरबल 12- रमेश मृतक पुत्र जोत राम पुत्र बीरू उर्फ बीरबल बजरिया इसके कानुनी वा जायज वारसान क- रजनी पत्नी रमेश मृतक पुत्र जोत राम पुत्र बीरू उर्फ बीरबल ख- स्नेहा पुत्री रमेश मृतक पुत्र जोत राम पुत्र बीरू उर्फ बीरबल ग- अर्पित नाबालिग पुत्र रमेश मृतक पुत्र जोत राम पुत्र बीरू उर्फ बीरबल नाबालिग बजरिया अपनी माता हकीकी वा वली सरपरस्त रजनी पत्नी रमेश मृतक पुत्र जोत राम पुत्र बीरू उर्फ बीरबल 13- तारावती 14- सिलोचना 15- सोमा 16- शकुन्तला पुत्रीयान जोत राम पुत्र बीरू उर्फ बीरबल निवासीयान गावं धांगड़ तहसील वा जिला फतेहाबाद ----- प्रार्थीयान

बनाम

साहब सिहँ पुत्र चंचल सिहँ पुत्र भान सिहँ निवासी धांगड तहसील वा जिला फतेहाबाद --- उतरवादी

दरखास्त बराये फकुल रहन बाबत अराजी खेवट नम्बर 1076 खतौनी नम्बर 1248 किते 11 के खसरा नम्बर 104//3 (8-0), 4 (8-0) 5 (7-12) 6 (7-12),7(8-0),8(8-0),14(8-0),15(7-12),16(7-12),17(8-0),18( 8-0), कुल तादादी 86 कनाल 8 मरले वाक्या मौजा धागड तहसील वा जिला फतेहाबाद बर बिनाये इन्तकाल नम्बर 1459 दिनाकं 17-1-1967 वा जमाबन्दी साल 2020-2021 वा शहादत तहरीरी वा तकरीरी हर किसम।

**आदेश:-** यह दरखास्त प्रार्थीयान ने उतरवादी के खिलाफ दायर की है जिसमे उतरवादी की तलबी सामान्य तरीका से ना हो सकती है अतः इस विज्ञापन द्वारा उतरवादी को सुचित किया जाता है कि यदि उसे उपरोक्त मुकदमा मे किसी प्रकार का कोई ऐतराज हो वह असालतन या वकालत इस न्यायाल मे दिनाक 17-3-26 को सुबह 10 बजे इस न्यायालय में पेश हो वरना एकतरफा कारवाई अमल मे लाई जावेगी।

यह आदेश आज दिनांक 17-2-2026 को इस न्यायालय की मोहर वा मेरे हस्ताक्षर सहित जारी किया गया है।

कलेक्टर फतेहाबाद जिला फतेहाबाद

## सिरसा में अनेक स्थानों पर की शिरकत


# संस्थाओं ने पूर्व राष्ट्रपति के पोते का किया स्वागत

**सिरसा।** पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के पोते इंद्रजीत सिंह बब्बू अचानक जिला सिरसा के अनेक स्थानों पर पहुंचे। जयपुर कार्यक्रम से वापस पंजाब लौटते हुए वे पहले ऐलनाबाद में अखिल भारतीय जांगिड़-ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र जांगड़ा पटवारी के निवास स्थान पर पहुंचे, जहां अनेक सामाजिक संस्थाओं ने उनका स्वागत किया। कुछ बुजुर्गों ने पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के साथ बिताए पलों को याद किया। इसके बाद वे सिरसा में संजय अरोड़ा के निवास स्थान पर पहुंचे, जहां काफी देर उन्होंने उनके परिवार के साथ बिताए। उसके बाद वे डबवाली विधानसभा के गांव रिसालिया खेड़ा में पुरुषोत्तम सुथार के निवास स्थान पर पहुंचे, वहां पर भी उनका अनेक सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों व जिला परिषद के सदस्य ओमप्रकाश फौजी व रिसालिया खेड़ा के पूर्व सरपंच साहब राम कुलरिया तथा सरदार गुरमुख सिंह चोयल सहित अनेक लोगों ने जोरदार स्वागत किया। वे सिरसा जिला जांगिड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान राकेश सुथार रामगढ़ के यहां भी रुके। इस अवसर पर अमरजीत सिंह कलसी तथा राजकुमार रोहलीवाल भी उनके साथ थे।

## जागरूक | युवा पीढ़ी को नशे के गर्त में जाने से रोकने के लिए उपायुक्त ने दिए निर्देश

# नशा तस्करों, सप्लायर्स और विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए : भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




फतेहाबाद। बैठक को संबोधित करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती।

डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे के गर्त में जाने से रोकने और नशे की दलदल में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि जो व्यक्ति नशा छोड़ चुके हैं उनकी सफलता की कहानियों के माध्यम से नशा करने वालों को जागरूक किया जाए। इसके लिए नशे के खिलाफ प्रेरक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जाए और नशा छोड़ चुके व्यक्ति को नशा करने वाले को जागरूक करने के लिए उनके अनुभव व जीवन में आए बदलाव को साझा करने के लिए कहा जाए ताकि नशा करने वालों के जीवन पर इसका सकारात्मक असर पड़े और वे नशे की लत से दूर हो सकें। डीसी डॉ. भारती मंगलवार को जिला नार्को समन्वय कमेटी व नशा मुक्त भारत अभियान की समीक्षात्मक बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि रोकथाम इलाज से बेहतर है। नशे की गर्त में जाती युवा पीढ़ी को बचाने के लिए जरूरी है कि उन्हें जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार राज्य में नशे के दुरुपयोग पर लगातार कड़ी निगरानी रख रही है और इसे रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। प्रदेशभर में मादक पदार्थों की सप्लाई चेन को तोड़ने हेतु एचएसएनसीबी की टीमें नियमित रूप से निगरानी और कार्रवाई कर रही हैं।

### विद्यार्थियों को करें जागरूक

डीसी ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालयों में नशे के दुष्प्रभावों सहित यातायात नियमों की पालना करने व अन्य विभिन्न सामाजिक बुराइयों के दुष्प्रभाओं बारे विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए जागरूकता गतिविधियां आयोजित करवाएं। डीसी ने हर नशा मुक्ति केंद्र को निर्देश दिए कि 5 अति संवेदनशील नशा ग्रस्त गांवो में कैंप लगाए जाए। जिले के हर विभाग में एंटी ड्रग्स कंट्रोल सेल बनाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति व यातायात नियमों की पालना करने सहित अन्य जागरूकता विषयों पर लघु फिल्म दिखाई जाए ताकि विद्यार्थियों में इनके प्रति जागरूकता बढ़े और वे नशे से दूर रहे और यातायात नियमों की पालना करना सीखें। उन्होंने कहा कि नशे की आदत छुड़ाने के लिए नशे से ग्रस्त रोगियों के लिए योग कैंप लगाए जाएं।

**खबर संक्षेप**

## हेरोइन सहित युवक को दबोचा

**डबवाली।** पुलिस ने गश्त के दौरान गांव अबूबशहर क्षेत्र से एक युवक को 6.130 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि एएसआई प्रीतम सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गांव सकता खेड़ा से गांव अबूबशहर की ओर सर्विस रोड होते हुए जा रहे थे। राजकनाल नहर पुल के नजदीक पहुंचे तो नहर की पटरी पर एक युवक खड़ा दिखाई दिया। जो पुलिस टीम को आता देखकर भागने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली तो उक्त शख्स के कब्जे से 6.130 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान संदीप कुमारके रूप में हुई है।

## दुकान का ताला तोड़कर हजारों की नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** धर्मशाला रोड क्षेत्र में जय बाबा रामदेव कन्फेक्शनरी एंड स्टेशनरी में चोरी की वारदात सामने आई है। रविंद्र कुमार पुत्र ओम प्रकाश ने बस स्टैंड चौकी में शिकायत देकर बताया कि अज्ञात चोरों ने बीती रात उसकी दुकान का ताला खोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित के अनुसार चोर दुकान के गल्ले में रखी करीब 5 से 6 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी उन्हें सुबह पड़ोसियों द्वारा दी गई। मौके पर पहुंचकर देखा तो दुकान का ताला खुला हुआ था और गल्ले में रखी नकदी गायब मिली। इस संबंध में शिकायत बस स्टैंड चौकी पुलिस को दे दी गई है।

## शोध समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान की दिशा में केंद्रित होना चाहिए: प्रो. विजय कुमार


# बहु-विषयी अनुसंधान के विकास में 'फाइव सी' की अहम भूमिका: कुलपति

**डिजिटल लर्निंग भविष्य की शिक्षा प्रणाली का आधार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि बहु-विषयी अनुसंधान के सशक्त विकास के लिए फाइव सी-रचनात्मकता, चरित्र, दक्षता, जागरूकता और सहयोग अत्यंत आवश्यक तत्व हैं। ये पांचों आयाम शोधार्थियों को नवीन दृष्टिकोण, नैतिक मूल्यों, व्यावहारिक कौशल तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ समग्र एवं गुणवत्तापूर्ण शोध की दिशा प्रदान करते हैं। विशेष रूप से सहयोग की भावना विभिन्न विषयों के समन्वय को सुदृढ़ बनाकर ज्ञान के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करती है, जिससे बहु-विषयी अनुसंधान अधिक प्रभावी, नवोन्मेषी और परिणामोन्मुख बनता है। कुलपति प्रो. विजय कुमार मंगलवार को जेसीडी विद्यापीठ सिरसा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि बहुविषयक शोध भविष्य की आवश्यकता है, शिक्षा में नवाचार से ही वैश्विक प्रतिस्पर्धा संभव है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शोध-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देती है तथा युवाओं को तकनीकी दक्षता के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियां ज्ञान के आदान-प्रदान का सशक्त मंच होती हैं और अंतरराष्ट्रीय सहभागिता संस्थान की वैश्विक पहचान को सुदृढ़ करती है। उनका मत था कि शोध समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान की दिशा में केंद्रित होना चाहिए। डिजिटल लर्निंग भविष्य की शिक्षा प्रणाली का आधार बनेगी तथा नवाचार ही आत्मनिर्भर भारत की दिशा निर्धारित करेगा।

**नवाचार से ही आत्मनिर्भर भारत की दिशा तय होगी**



सिरसा। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार। *फोटो : हरिभूमि*



सिरसा। खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

### संगोष्ठियों से शोधार्थियों को नई दिशा, प्रेरणा व नेटवर्किंग के अवसर मिलते हैं

सीडीएलयू के प्रो. पंकज शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्देश्य केवल शोध-पत्र प्रस्तुत करना नहीं, बल्कि विचारों का आदान-प्रदान और सहयोगात्मक शोध को बढ़ावा देना है। उन्होंने बहुविषयक शोध, डिजिटल शिक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित लर्निंग एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठियों से शोधार्थियों को नई दिशा, प्रेरणा और नेटवर्किंग के अवसर प्राप्त होते हैं। साथ ही उन्होंने शोध को समाज की आवश्यकताओं से जोडने पर बल दिया और शोधार्थियों को नवीन तकनीकों को अपनाने तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया।

### देश-विदेश से 300 शोध-सार हुए प्राप्त

विद्यापीठ के महानिदेशक डा. जयप्रकाश ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए देश-विदेश से 300 शोध-सार प्राप्त हुए। प्रतिभागियों में प्रोफेशनल्स, कॉर्पोरेट प्रतिनिधि, विदेशी प्रतिनिधि, शिक्षाविद्, शोधार्थी, जेसीडी विद्यापीठ के फैकल्टी सदस्य तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं शामिल रहे। जिला स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभागियों ने इस संगोष्ठी में सहभागिता की। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूनाइटेड किंगडम, न्यूजीलैंड, कनाडा एवं ऑस्ट्रेलिया से प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से सहभागिता की। उन्होंने कहा कि संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य वाणिज्य, मानविकी, शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे विविध क्षेत्रों में उभरते रुझानों और नवाचारों की गहन पड़ताल करना रहा।

### राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका: कुलपति

**सिरसा।** चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय की सशक्त नींव उसके विद्यार्थी होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान देने, अपनी दक्षता बढ़ाने और प्रत्येक कार्य में निपुण बनने का आह्वान किया। कुलपति प्रो. विजय कुमार मंगलवार को विश्वविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के बाद खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की नींव को मजबूत बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और हमें 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संकल्पित होना चाहिए। कुलपति ने टीम भावना के साथ खेलने, विश्वविद्यालय का प्रत्येक स्तर पर गौरव बढ़ाने तथा स्वयं को शारीरिक रूप से फिट रखते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। सीडीएलयू के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपेक्षा जताई कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहें और अन्य युवाओं को भी खेलों से जोड़कर जागरूक करें। खेल प्रतियोगिताओं की 800 मीटर दौड़ में रमनदीप कौर प्रथम, रचना द्वितीय तथा किरण ने तृतीय स्थान हासिल किया। पुरुष वर्ग की 800 मीटर दौड़ में अमनदीप ने पहला, दयानंद ने दूसरा तथा सुनील कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस मौके पर डीन छात्र कल्याण प्रो. राजकुमार, प्रो. ईश्वर मलिक, प्रो. पंकज शर्मा, प्रो. अशोक शर्मा, प्रो. मोहम्मद काशिफ किदवई, प्रो. राम मेहर दीक्षित, प्रो. अशोक मलिक, डॉ. सविता ढांडा सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# युवक का अपहरण कर बेरहमी से मारपीट करने का वाला गिरफ्तार

- पुलिस ने चौथे आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

युवक का अपहरण कर उस पर जानलेवा हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान विशाल पुत्र रणधीर सिंह, निवासी सरवरपुर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी प्रहलाद ने बताया कि इस बारे बजरंग निवासी गांव बोदीवाली ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता के अनुसार 22 जनवरी को जब वह मोटरसाइकिल पर अपनी ड्यूटी के लिए फतेहाबाद जा रहा था, तब कुकड़ावाली के पास एक गाड़ी में सवार चार युवकों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने बजरंग को जबरन गाड़ी में डाला और ढिंगसरा रोड स्थित एक मुर्गा फार्म पर ले गए। वहां आरोपियों ने लोहे के कापे और डंडों से उस पर बेरहमी से हमला किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई। पीड़ित के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर थाना सदर फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अब पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सूचना के आधार पर चौथे आरोपी विशाल निवासी सरवरपुर को गिरफ्तार कर लिया है।


**फतेहाबाद।** अपहरण व मारपीट के आरोप में गिरफ्तार युवक।

# जाखल से खाटू श्याम के लिए सीधी बस सेवा शुरू, भक्तों में उत्साह

- परिवहन विभाग ने फिलहाल इसे 14 दिनों के लिए प्रायोगिक तौर पर चलाया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल

जाखल से बाबा श्याम के दरबार खाटू धाम के लिए सीधी बस सेवा मंगलवार को शुरू की गई है। हरियाणा रोडवेज द्वारा संचालित इस बस का किराया 450 रुपए निर्धारित किया गया है। परिवहन विभाग ने फिलहाल इसे 14 दिनों के लिए प्रायोगिक तौर पर चलाया है। यदि यात्रियों का सहयोग मिलता है, तो इस बस सेवा को नियमित किया जाएगा। यह बस जाखल से सुबह 10:30 बजे रवाना होकर टोहाना और हिसार के रास्ते शाम 6 बजकर 20 मिनट पर खाटू धाम पहुंचेगी। वापसी में, यह बस अगले दिन सुबह 9 बजे खाटू धाम से चलकर शाम लगभग 6 बजे जाखल वापस आएगी। आने वाले खाटू श्याम मेले में श्रद्धालुओं की संभावित अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए इस बस सेवा का संचालन किया गया है। सीधी बस सेवा से श्रद्धालुओं को लंबी दूरी की यात्रा आरामदायक स्थिति में पूरी करने में मदद मिलेगी। वे रात में बाबा श्याम के दर्शन कर सुबह इसी बस से लौट सकेंगे। इस बस सेवा के शुरू होने पर श्यामभक्तों में उत्साह है और उन्होंने प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। श्रद्धालुओं का कहना है कि इस सेवा से आमजन को काफी राहत मिलेगी और भक्त किसी भी समय बाबा के दर्शन कर सकेंगे।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ रैली निकाली

- रैली कॉलेज से लेकर शाह सतनाम जी सुपर मार्केट तक निकाली गई रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ कॉलेज परिसर से हुआ और यह शाह सतनाम जी सुपर मार्केट तक निकाली गई। रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना तथा उनकी शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना था। रैली में कॉलेज के स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने बेटी है तो कल है और बेटी पढ़ेगी, देश बढ़ेगा जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से वातावरण को जागरूकता से भर दिया। प्रतिभागियों ने हाथों में संदेश लिखी तख्तियां लेकर नागरिकों को कन्या भ्रूण हत्या रोकने, बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने और उनके अधिकारों की रक्षा करने का आह्वान किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. दिलवर सिंह ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मजबूत पहल है। बेटियां समाज की धुरी और राष्ट्र की भविष्य निर्माता हैं। उनका शिक्षित और सशक्त होना देश की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है।



**सिरसा।** रैली निकालते कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवक।

### नृसिंह महापुराण कथा से पूर्व निकाली शोभा यात्रा

**सिरसा।** श्री स्वामी लक्ष्येश्वर आश्रम गौसेवा सदन, फूलकां में आयोजित नृसिंह पुराण एवं दुर्लभ सत्संग से पूर्व मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गौशाला के प्रधान रविंद्र कुलड़िया ने बताया कि कलश यात्रा गांव में स्थित ठाकुर जी के मंदिर से शुरू हुई और गांव की मुख्य गलियों का भ्रमण करते हुए वापस कथा स्थल पर गौशाला प्रांगण में पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा का अनेक स्थानों पर ग्रामीणों ने फूलों से स्वागत किया। इसके पश्चात गौशाला प्रांगण में नवनिर्मित संत कुटी भवन का लोकार्पण कथाव्यास स्वामी नित्यानंद गिरी महाराज व जयदेव-सहदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष ललित जैन के सहयोग से किया गया। कथाव्यास स्वामी नित्यानंद गिरी महाराज ने नृसिंह अवतार की कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि कश्यप नामक ऋषि एवं उनकी पत्नी दिति को 2 पुत्र हुए, जिनमें से एक का नाम हरिण्याक्ष तथा दूसरे का हिरण्यकशिपु था।


**सिरसा।** कथा से पूर्व गांव में यात्रा निकालते श्रद्धालु।

# साइबर ठग पेंशनर्स को बना रहे निशाना

- बैंक/सरकारी अधिकारी बनकर ओटीपी और बैंक डिटेल लेकर खातों से उड़ा रहे रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिला के पेंशनभोगियों एवं उनके परिजनों को लाइफ सर्टिफिकेट अपडेट के नाम पर हो रही साइबर ठगी से सतर्क रहने की अपील की है। उनका कहना है कि साइबर अपराधी बुजुर्ग पेंशनर्स को आसान निशाना समझकर उन्हें फोन कॉल, एसएमएस या व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से संपर्क करते हैं और लाइफ सर्टिफिकेट अपडेट न होने पर पेंशन रुकने का डर दिखाकर गोपनीय जानकारी हासिल कर लेते हैं। एसपी ने कहा कि इस प्रकार की ठगी में अपराधी स्वयं को बैंक कर्मचारी, पेंशन विभाग अधिकारी या सरकारी प्रतिनिधि बताकर कॉल करते हैं।

वे कहते हैं कि आपका लाइफ सर्टिफिकेट अपडेट नहीं हुआ है, जिससे आपकी पेंशन बंद हो सकती है। इसके बाद वे एक लिंक भेजते हैं या ओटीपी, आधार नंबर, बैंक खाता संख्या, एटीएम कार्ड डिटेल आदि साझा करने को कहते हैं। जैसे ही पीड़ित ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी साझा करता है, साइबर ठग उसके खाते से पैसे ट्रांसफर कर लेते हैं या डिजिटल बैंकिंग एक्सेस अपने नियंत्रण में ले लेते हैं। कई मामलों में बुजुर्गों को तब पता चलता है जब उनके खाते से बड़ी राशि निकल चुकी होती है। यह ठगी न केवल आर्थिक नुकसान पहुंचाती है, बल्कि मानसिक तनाव और असुरक्षा की भावना भी पैदा करती है।


एसपी सिद्धांत जैन।

### फेक कॉल से रहे सावधान

लाइफ सर्टिफिकेट स्कैम से बचने के लिए सुरक्षा निर्देश देते हुए एसपी ने कहा कि कोई भी बैंक या सरकारी विभाग फोन पर ओटीपी या पिन नहीं मांगता। अनजान नंबर से आए लिंक पर क्लिक न करें। लाइफ सर्टिफिकेट केवल अधिकृत पोर्टल या संबंधित बैंक शाखा में जाकर ही अपडेट करवाएं। किसी भी प्रकार की गोपनीय जानकारी फोन पर साझा न करें। पेंशन रुकने की धमकी देकर जल्दबाजी कराने वाले कॉल से सावधान रहें। अपने परिवार के बुजुर्ग सदस्यों को इस प्रकार की ठगी के बारे में अवश्य जागरूक करें। यदि किसी को संदेह हो कि वह साइबर ठगी का शिकार हो गया है, तो तुरंत अपने बैंक से संपर्क करें और खाते को सुरक्षित करवाएं।

# श्याम नगर जैन समाज में आचार्य अरुणचन्द्र का प्रथम आगमन

- गुरुदेव के पावन सान्निध्य में प्रतिदिन प्रात: 8 :30 बजे से 9 :45 बजे तक मंगलमय प्रवचन होंगे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

श्याम नगर जैन समाज, फतेहाबाद के तत्वावधान में आगम महामहाता, योगीराज, संघप्रमुख गुरुदेव अरुणचन्द्र जी के संघमुख पदासीन होने के उपरांत प्रथम बार फतेहाबाद आगमन पर स्वागत की तैयारियां की गई हैं।

जैन समाज द्वारा उनके आगमन को लेकर उत्साह का वातावरण बना हुआ है। जैन समाज श्याम नगर के प्रवक्ता ने बताया कि गुरुदेव के पावन सान्निध्य में प्रतिदिन प्रातः 8:30 बजे से 9:45 बजे तक मंगलमय प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। सदस्यों का कहना है कि गुरुदेव का आगमन पूरे क्षेत्र के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और सद्भाव का संदेश लेकर आया है। उनके प्रवचनों से धर्म, संयम, अहिंसा और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जैन समाज की कार्यकारिणी एवं विभिन्न समितियां सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटी हुई हैं। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी सुदृढ़ करेगा।

# कोडीन युक्त प्रतिबंधित सिरप सप्लाई नेटवर्क का खुलासा

- दिल्ली से सप्लायर को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

कोडीन युक्त प्रतिबंधित सिरप सप्लाई करने वाले नेटवर्क का खुलासा करते हुए जाखल पुलिस ने मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुनील कुमार शेखावत पुत्र सतपाल सिंह निवासी टिकरी कलां, दिल्ली के रूप में हुई। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने 12 मई 2025 को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने पंजाब के लैहरा गग्गा निवासी कुलदीप सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन शीशियां 'विंग्स 100 एमएल कोडीन फॉस्फेट एवं ट्रिप्रोलिडीन हाइड्रोक्लोराइड सिरप (ओनेरेक्स)' के अलावा एक बड़ी स्टील थर्मस बोतल जिसमें लगभग 9 शीशियों के बराबर कोडीन युक्त सिरप तथा एक छोटी स्टील थर्मस बोतल जिसमें लगभग 4 शीशियों के बराबर सिरप बरामद किया गया था। मामले की जांच एवं तकनीकी विश्लेषण के दौरान खुलासा हुआ कि उक्त प्रतिबंधित नशीले पदार्थ की आपूर्ति दिल्ली क्षेत्र से की जा रही थी। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मुख्य सप्लायर सुनील को काबू कर लिया है।

## कनाडा का वीजा लगवाने के नाम पर ठगी का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा धोखाधड़ी और कबूतरबाजी करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत, इकनोमिक सैल फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को पकड़ा है। पुलिस ने युवाओं को विदेश भेजने का झांसा देकर लाखों रुपये हड़पने के आरोपी इमिग्रेशन संचालक को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान शीशपाल पुत्र अमृत पाल, निवासी जमालपुर शेखां के रूप में हुई है। इकनोमिक सैल प्रभारी निरीक्षक सन्दीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने सुशील कुमार निवासी रतिया रोड, टोहाना की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

## ड्राइविंग के दौरान सीट बेल्ट का प्रयोग करने का महत्व बताया

# शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को दी यातायात नियमों की जानकारी

**तीसरे दिन नशामुक्ति हेपेटाइटिस व रक्तदान के बारे में देंगे जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्थानीय नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि पांच दिवसीय शिविर में ट्रैफिक पुलिस सिरसा की टीम द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने, ड्राइविंग के दौरान सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का प्रयोग न करने बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि शिविर के तीसरे दिन बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्रशिक्षणार्थियों का नशामुक्ति, हेपेटाइटिस, रक्तदान के बारे में मुख्य स्त्रोत व्यक्तियों द्वारा जानकारी प्रदान की जाएगी तथा सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा शिविर में टीआई प्रोजेक्ट की प्रोजेक्ट मैनेजर राजरानी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को एचआईवी/एड्स तथा मोबाइल के उपयोग व दुरुपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा समाजसेवी रणजीत सिंह टक्कर ने प्रशिक्षणार्थियों को आह्वान किया कि वातावरण को स्वच्छ व सुंदर रखने के लिए प्रत्येक को पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करके ही हमारी जिम्मेवारी समाप्त नहीं हो जाती बल्कि जो पौधे लगाए गए हैं उनकी समय-समय पर देखभाल करना भी हमारी ही जिम्मेवारी बनती है। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण भी किया।


**सिरसा।** प्रशिक्षणार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*